दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, रविवार 21 जुलाई 2024
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# नेपाल में नई गठबंधन सरकार का गठन

**नेपाल में खड्ग़ प्रसाद शर्मा ओली के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार का गठन हो गया है। सोमवार को ओली ने चौथी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।**

**पिछले दिनों नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष ओली के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता हुआ था। समझौते के बाद पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की सरकार का जाना सुनिश्चित था। नेपाल पिछले कई वर्षो से राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है।**

**वास्तव में वह संसदीय लोकतंत्र की एक विडंबना का भी सामना कर रहा है कि संसद में हासिल प्रचंड बहुमत कभी-कभी राजनीतिक स्थिरता की बजाय अस्थिरता पैदा करता है। दिसम्बर, 2017 के संसदीय चुनाव में सीपीएन (यूएमएल) और माओवादी सेंटर, दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा था और 275 सदस्यीय सदन में 174 सीटें जीतने में सफल हुए थे लेकिन आगे चलकर इस सरकार का भी पतन हो गया।**

**अक्सर राजनीतिक नेताओं की व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाओं के कारण ऐसा होता है। आम धारणा के विपरीत विचारधारा या कैडर आधारित पार्टियां भी लोकतंत्र की इस बीमारी से मुक्त नहीं हैं। हालाकि कम्युनिस्ट पार्टियां उदारवादी लोकतंत्र को 'बुर्जुवा लोकतंत्र' कहती हैं। यह भी कम हास्यास्पद नहीं है कि वर्ग संघर्ष में विश्वास करने वाली राजनीतिक पार्टियां नेपाल में सत्ता-संघर्ष में उलझ गई हैं।**

**दो दिग्गज कम्युनिस्ट नेताओं ओली और प्रचंड की लड़ाई राजनीतिक अस्थिरता का कारण बन रही है। नई सरकार के सामने देश में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने की कठिन चुनौती है। राजनीतिक अस्थिरता देश के आर्थिक संकट को बढ़ा सकती है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वैश्विक संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सुधारवादी कदम नहीं उठाए गए तो नेपाल आर्थिक संकट के भंवर में फंस सकता है।**

**ओली चीन समर्थक माने जाते हैं। उनके पिछले शासन के दिनों में भारत के संबंध नेपाल के साथ कटु हो गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नये नेपाली प्रधानमंत्री ओली को बधाई दी है। वस्तुत: भारत और चीन, दोनों पड़ोसी देश नेपाल में अपने अनुकूल सरकार चाहते हैं। लेकिन नेपाल के वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता के दौर को हल करने में इन दोनों की भूमिका निर्णायक साबित नहीं हो सकती। देश में राजनीतिक स्थिरता के लिए वहां के शीर्ष नेताओं को ही आगे आना होगा।**

# तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है. शनिवार को क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई. इस दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 3.25 प्रतिशत यानी 2.69 डॉलर गिरकर 80.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए. जबकि ब्रेंट क्रूड के दाम 2.91 प्रतिशत यानी 2.48 डॉलर कम होकर 82.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. इसी के साथ देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बदल गईं. हालांकि चारों प्रमुख महानगरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं.

### यहां महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पेट्रोल-डीजल के दाम 9-11 पैसे बढ़कर 94.81 और 87.94 रुपये लीटर पर पहुंच गए हैं. जबकि लखनऊ में पेट्रोल-डीजल 6-7 पैसे महंगा होकर 94.62 और 87.73 रुपये लीटर पर पहुंच गया है. उधर प्रयागराज में पेट्रोल-डीजल के दाम 67-70 पैसे चढ़कर 95.39 और 88.56 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं. पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में पेट्रोल 32 पैसे महंगा होकर 106.09 और डीजल 30 पैसे चढ़कर 92.83 रुपये लीटर बिक रहा है. बांकुरा में तेल का भाव 43-39 पैसे बढ़कर 105.64 और 92.40 रुपये लीटर हो गया है. राजस्थान के पाली में पेट्रोल 69 पैसे महंगा होकर 105.81 और डीजल 62 पैसे महंगा होकर 91.20 रुपये लीटर बिक रहा है. जबकि सीकर में डीजल 51 पैसे महंगा होकर 91.61 और पेट्रोल 56 पैसे चढ़कर 106.27 रुपये लीटर बिक रहा है.

### इन शहरों में गिरे तेल के दाम

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 94.65 और डीजल 20 पैसे गिरकर 87.76 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है. गोरखपुर में पेट्रोल-डीजल 6-8 पैसे सस्ता होकर 94.87 और 88.01 रुपये लीटर पर आ गया है. अलीगढ़ में पेट्रोल-डीजल 7-9 पैसे गिरकर 94.70 और 87.78 रुपये लीटर पर आ गया है. जबकि आगरा में तेल का भाव 31-35 पैसे कम होकर 94.39 और 87.44 रुपये प्रति लीटर हो गया है. राजस्थान के बारां में तेल का भाव 93-84 पैसे चढ़कर 105.88 और 91.24 रुपये लीटर पर पहुंच गया है. राजस्थान के अजमेर में पेट्रोल-डीजल 10-09 पैसे गिरकर 104.52 और 90.03 रुपये लीटर पर आ गया है.

### चारों प्रमुख महानगरों में तेल का भाव

दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में आज भी तेल के दाम स्थिर बने हुए हैं. हालांकि चेन्नई में पेट्रोल-डीजल एक-एक पैसे गिरकर कारोबार में हैं. दिल्ली में पेट्रोल-डीजल का भाव 94.72-87.62 रुपये लीटर बना हुआ है. जबकि मुंबई में पेट्रोल 103.44 और डीजल 89.97 रुपये लीटर चल रहा है. जबकि कोलकाता में पेट्रोल-डीजल 104.95 और 91.76 रुपये लीटर बना हुआ है. जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 और डीजल 92.34 रुपये लीटर पर आ गया है.

# मेटा को झटका, इस मामले में सरकार ने लगाया 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**अबुजा**

नाइजीरिया के संघीय प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण आयोग (एफसीसीपीसी) ने कहा कि उसने फेसबुक और व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर डेटा साझा करने की जांच के बाद स्थानीय उपभोक्ता और डेटा संरक्षण कानूनों का उल्लंघन करने के लिए मेटा पर 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है।

आयोग ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अंतिम आदेश में केवल दो सौ बीस मिलियन अमेरिकी डॉलर का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मेटा ने अपने प्लेटफॉर्म पर नाइजीरियाई उपयोगकर्ताओं के डेटा का उनकी सहमति के बिना दुरुपयोग किया, अपनी प्रमुख बाजार स्थिति का दुरुपयोग किया और समान नियमों वाले अन्य न्यायालयों की तुलना में नाइजीरियाई लोगों के साथ भेदभावपूर्ण और असमान व्यवहार किया।

यूरोपीय नियामकों ने व्यक्तिगत डेटा गोपनीयता मुद्दों के लिए कंपनी पर बार-बार जुर्माना लगाया है। आयरलैंड ने यूरोपीय संघ से संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यक्तिगत डेटा के हस्तांतरण से संबंधित उल्लंघनों के लिए मेटा पर रिकॉर्ड 1.2 अरब यूरो का जुर्माना लगाया।

# रोहित, विराट की विरासत को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा : अर्शदीप सिंह

**नई दिल्ली**

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी-20 संन्यास से जो विरासत छूट गई है, उसे पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। इन दोनों ने पिछले महीने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप खिताब जीत के साथ अपने सबसे छोटे प्रारूप के करियर का अंत किया। टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे अर्सदीप ने कहा कि बल्लेबाजी विभाग में उनका योगदान हमेशा दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा रहा है। अर्शदीप ने बताया, रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका योगदान बहुत बड़ा है और उनकी विरासत पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। शीर्ष पर रोहित भाई की विस्फोटक बल्लेबाजी और उनकी तेज कप्तानी ने प्रारूप में नए मानक स्थापित किए हैं। विराट भाई अपने निरंतर प्रदर्शन और उत्कृष्टता की निरंतर खोज के साथ, दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श रहे हैं।

# बजट में स्विगी, जोमैटो, ओला, उबर से जुड़े गिग वर्कर के लिए हो सकते हैं बड़े ऐलान

**नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश करने जा रही है. इस बजट में गिग श्रमिकों/ ऐसे श्रमिकों जो मुख्य रूप से ई-कॉमर्स कंपनियों, मैन्युफैक्चरिंग और निर्माण से जुड़ी कंपनियों में अस्थायी नौकरियां करते हैं, उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभ मुहैया कराने का ऐलान हो सकता है. वित्त मंत्री सीतारमण बजट 2024 में एक सामाजिक सुरक्षा कोष की घोषणा कर सकती हैं, जिसमें कंपनी और सरकार द्वारा भी योगदान दिया जाएगा. बता दें कि, इस फंड का इस्तेमाल गिग श्रमिकों के लिए दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा कवरेज बढ़ाने के लिए किया जाएगा.

बकौल सूत्र, सरकार अगले केंद्रीय बजट में असंगठित क्षेत्रों और सभी गिग श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की घोषणा कर सकती है, जो उन्हें श्वस्ढ़ढष्ट की तर्ज पर उनके परिवारों को चिकित्सा उपचार का लाभ मुहैया कराएगा. बजट में अस्थायी कर्मचारियों के लिए इस फंड से सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य सुविधाओं की भी घोषणा हो सकती है.

**गिग श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा लाभ के लिए सरकारी योजना-** सरकार द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा लाभ बढ़ाने के लिए सभी गिग श्रमिकों को अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना होगा. उन्हें काम पर रखने वाली कंपनियों को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा. इसके अलावा, कंपनियों को अपने राजस्व का 1-2% इस सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान करने के लिए कहा जा सकता है. निर्माण-संबंधी कार्यों में लगी कंपनियों को सामाजिक सुरक्षा निधि के लिए स्थढ़ढस् वसूली का बोझ उठाने के लिए भी कहा जा सकता है. इन नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों से वसूला गया जुर्माना भी सामाजिक सुरक्षा कोष में जमा किया जाएगा.

**क्या होते हैं गिग श्रमिक?-** गिग वर्कर वे श्रमिक होते हैं, जो आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े होते हैं. अधिक विस्तृत रूप से कहें तो, ये कारखानों में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारी, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारी, कॉन्ट्रैक्ट करने वाली फर्मों के कर्मचारी, आईटी कंपनी के कॉन्ट्रैक्ट या परियोजना के आधार पर काम करने वाले कर्मचारी, और कॉल-आधारित काम के लिए उपलब्ध कर्मचारी, इत्यादि हैं.

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया, मंधाना-शैफाली का विस्फोटक प्रदर्शन

**नईदिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान को वीमेंस एशिया कप टी20 2024 के मुकाबले में बुरी तरह हरा दिया. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीत दर्ज की. पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया. इस दौरान पाक टीम 108 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई. इसके जवाब में भारत ने स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा की दमदार पारी के दम पर जीत दर्ज की. भारत के लिए गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया. दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके.

पाकिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 14.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया. भारतीय टीम का वीमेंस एशिया कप 2024 में यह पहला मुकाबला था.

पाकिस्तान के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा ओपनिंग करने आईं. इस दौरान दोनों ने टीम इंडिया को अच्छी शुरुआत दी. मंधाना ने 31 गेंदों का सामना करते हुए 45 रन बनाए. उनकी इस पारी में 9 चौके शामिल रहे. शैफाली ने 29 गेंदों में 40 रन बनाए. शैफाली ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया. दयालन हेमलता 14 रन बनाकर आउट हुईं. उन्होंने 11 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके लगाए. अंत में हरमनप्रीत कौर 5 रन और जेमिमा 3 रन बनाकर नाबाद रहीं.

टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 108 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया था. निदा डार की कप्तानी वाली पाक टीम के लिए सबसे ज्यादा 25 रन अमीन ने बनाए. उन्होंने 35 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके लगाए.फातिमा सना ने 22 रनों की पारी खेली. उन्होंने 16 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 22 रन बनाए. सना ने एक चौका और दो छक्के लगाए. हसन ने 19 गेंदों का सामना करते हुए 22 रन बनाए. उन्होंने 3 चौके लगाए.

पाकिस्तान की पारी के दौरान भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. दीप्ति शर्मा ने 4 ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट झटके. दीप्ति ने पाक कप्तान निदा को 8 रनों के निजी स्कोर पर ढेर किया. वहीं हसन को 22 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया. भारत के लिए रेणुका सिंह, श्रेयंका पाटिल और पूजा ने 2-2 विकेट लिए.

# मेसी के बिना भी अर्जेंटीना की नजरें ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पर

### 0-स्पेन महिलाओं के स्वर्ण का प्रबल दावेदार

**बीजिंग**

करिश्माई खिलाड़ी लियोनल मेसी के बिना भी अर्जेंटीना के पास आगामी पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला तीसरा पुरुष फुटबॉल स्वर्ण पदक जीतने का अच्छा मौका माना जा रहा है

रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2008 में एक खिलाड़ी के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अर्जेंटीना के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो का लक्ष्य गौरव हासिल करना है, क्योंकि उन्होंने स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज़ और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार विश्व कप विजेताओं को अपनी टीम में शामिल किया है।

ओलंपिक पुरुष फ़ुटबॉल एक अंडर-23 टूर्नामेंट है, लेकिन प्रत्येक टीम को अधिकतम तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खेलाने की अनुमति है।

2008 बीजिंग ओलंपिक में दक्षिण अमेरिकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद करने वाले 37 वर्षीय मेसी भारी कार्यभार का हवाला देते हुए पेरिस संस्करण में नहीं खेलेंगे।

क्लबों को ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंटों के विपरीत, ओलंपिक खेल आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के बाहर होते हैं।

2008 में, बार्सिलोना ने मेसी को बीजिंग में खेलने से रोकने के लिए खेल पंचाट न्यायालय में अपील जीत ली। यह बताया गया कि बार्सिलोना के तत्कालीन मुख्य कोच पेप गार्डियोला के हस्तक्षेप के बाद, ला लीगा क्लब ने अंतत: हरी झंडी दे दी और मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में अर्जेंटीना के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट स्थापित सितारों के बजाय उभरती प्रतिभाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें पारंपरिक फुटबॉल पावरहाउस जरूरी नहीं कि पसंदीदा में हों।

नाइजीरिया और कैमरून ने क्रमश: 1996 और 2000 में जीत हासिल की। 2012 में, मेक्सिको ने लंदन में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें ज्यादातर घरेलू खिलाड़ी शामिल थे।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके संतान के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको खुशी होगी।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज किसी भी प्रकार में इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही आपका ट्रांसफर भी हो सकता हैं।

***मिथुन-*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने परिवार वालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में पार्टी देंगे। लवमेट के लिए बेहतरीन समय है, रिश्ते में मजबूती आएगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

***कर्क-*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज बिनासोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कोई अनजाना डर जो मन में चल रहा था वो आज अपने दोस्त से शेयर करने से दूर हो सकता है। आज आपकी समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

***तुला-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने गुस्से पर नियंत्रण करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। इस राशि के जो लोग ड्राई फ्रूट्स का बिजनेस करते हैं उनको आज ज्यादा लाभ के योग हैं।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है इसके लिए आपको ज्यादा हिम्मत और धैर्य की जरूरत होगी।

***मकर-*** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

***कुंभ-*** आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

***मीन-*** आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज आप अपने घर को नए तरीके से सजायेंगे।

# बॉक्स ऑफिस पर इंडियन 2 ने पार किया 70 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा



कमल हासन स्टारर फिल्म 'इंडियन 2' से काफी उम्मीदें थी कि ये बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देगी. इस फिल्म का रिलीज से पहले काफी बज भी था. बड़े पर्दे पर रिलीज होने के बाद फिल्म की शुरुआत शानदार रही लेकिन दूसरे दिन के बाद से इसकी कमाई घटनी शुरू हो गई. 'इंडियन 2' अब बॉक्स ऑफिस पर टिके रहन के लिए स्ट्रग्ल कर रही है. चलिए यहां जानते हैं कमल हासन की इस फिल्म ने रिलीज के 7वें दिन कितनी कमाई की है

कमल हासन स्टार इंडियन 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. ये फिल्म कमल की 1996 की सुपर-डुपर हिट इंडियन की सीक्वल है. हालांकि ये मोस्ट अवेटेड फिल्म रिलीज होने के बाद उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और इसे एवरेज से भी नीचे रिव्यू मिले. इंडियन 2 को रिलीज हुए अब एक हफ्ता हो रहा लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी खराब परफॉर्म कर रही है. ओपनिंग डे के बाद से इसकी कमाई के गिरने का सिलसिला शुरू हुआ था जो थमने का नाम नहीं ले रहा है.

इंडियन 2 की कमाई की बात करें तो फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 25.6 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे दिन फिल्म ने 18य2 करोड़, तीसरे दिन 15.35 करोड़, चौथे दिन 3 करोड़, पांचवें दिन 3 करोड़ और छठे दिन 3.3 करोड़ की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 7वें दिन के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन 2 ने रिलीज के 7वें दिन 2 करोड़ की कमाई की है. इसके बाद इंडियन 2 का 7 दिनों का कुल कलेक्शन अब 70.45 करोड़ रुपये हो गया है.

# विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा से जुड़े सरथकुमार, निर्माताओं ने उठाया किरदार से पर्दा

तेलुगु अभिनेता विष्णु मांचू अपनी आगामी फिल्म कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठित प्रदर्शन के बाद इस फिल्म ने दर्शकों का और ज्यादा ध्यान आकर्षित किया है। बीते दिन फिल्म का टीजर जारी हुआ जिसे समीक्षकों समेत दर्शकों ने भी काफी सराहा। वहीं, अब फिल्म की स्टारकास्ट में अभिनेता सरथकुमार का नाम जुड़ गया है। निर्माताओं ने अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया।

फिल्म कन्नप्पा में सरथकुमार नाथनधुडु की भूमिका निभाएंगे। पोस्टर में अभिनेता को एक आदिवासी योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो दोनों हाथों में दो तलवारें लिए हुए है और तेज आवाज में चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है। शक्तिशाली और दिलचस्प पोस्टर से पता चलता है कि सरथकुमार विष्णु मांचू के साथ एक दिलचस्प किरदार निभाएंगे।

# फिल्म देवा से शाहिद कपूर की पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर एक और एक्शन पैक्ड फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। शाहिद कपूर देवा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के बाद से वो किसी फिल्म में नजर नहीं आए हैं, ऐसे में इस अपकमिंग फिल्म ने फैंस को बेसब्र किया है। यह फिल्म 14 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने रिलीड डेट के साथ शाहिद कपूर का लुक भी रिवील कर दिया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर देवा का निर्माण कर रहे हैं।

सामने आए पोस्ट में शाहिद कपूर ने अपनी एक तस्वीर दिखाई है, जिसमें वो बुलेट प्रूफ जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके हाथ में बंदूक है, जिसे देखकर जाहिर हो रहा है कि वो किसी घटना स्थल पर जहां फायरिंग हो रही है। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, देवा के रोमांच का अनुभव करें, क्योंकि यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी! शाहिद कपूर के इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं।

देवा का निर्देशन प्रशंसित मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज ने किया है और इसका निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। देवा रोमांच, ड्रामा और एक्शन पैक्ड फिल्म है। ये फिल्म एक रोलर-कोस्टर राइड का वादा करती है। शाहिद कपूर एक शानदार लेकिन विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, जबकि पूजा हेगड़े एक पत्रकार की भूमिका में प्रमुख महिला हैं।

बता दें, शाहिद कपूर हिट फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में आखिरी बार नजर आए थे। इसके अलावा वो वेब सीरीज फर्जी में भी दिखे थे। ये सीरीज भी लोगों को काफी पसंद आई थी और अब इसके दूसरे सीजन का फैंस को इंतजार है। अभिनेता फिलहाल अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। उनकी पत्नी मीरा कपूर ने अपनी गर्मियों की छुट्टियों की कई तस्वीरें शेयर की हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 124

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 123 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.123 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |